Seventeenth Loksabha

p>

Title: Request to give the young villegers the opportunity under the Khelo India Scheme to develop their swimming skills.

श्री उपेन्द्र सिंह रावत (बाराबंकी): अध्यक्ष महोदय, मैं उम्मीद छोड़ चुका था, लेकिन आपकी कृपा से हमें बोलने का मौका मिल गया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं।

महोदय, मैं प्रधान मंत्री जी को "खेलो इंडिया" के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं कि सरकार पूरे देश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए काम कर रही है। मैं इसके लिए प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं और इस ओर ध्यान आकर्षित भी कराना चाहता हूं कि पूरे देश के ग्रामीण इलाकों में इस तरह की प्रतिभाएं छिपी हुई हैं, जिनको मौका न मिलने की वजह से वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नहीं आ पाती हैं। मैं एक उदाहरण देकर अपनी बात को कहना चाहता हूं कि अगर तैराकी की प्रतियोगिता को देखें तो मात्र 100 या 200 मीटर की तैराकी की प्रतियोगिता के लिए लोग आते हैं और राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चमकते हैं। पूरा देश उन्हें देखता है, पूरी दुनिया उन्हें देखती है। लेकिन गांव में ऐसे असंख्य लोग भरे हुए हैं जो बरसात के समय में उफनती नदी में कूदकर इधर से उधर एक किलोमीटर की दूरी तय करने का काम करते हैं। उनको अगर प्रक्षिशण दिया जाए, उनको अगर मौका दिया जाए, अगर उनको ऑपर्च्यूनिटी मिले तो निश्चित रूप से वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चमकने का काम करेंगे। मैं मंत्री जी से यह निवेदन करना चाहता हूं कि उनके लिए भी कोई ऐसी योजना बनाएं कि नीचे से लोग ऊपर आ सकें। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री उपेन्द्र सिंह रावत द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।